एक नजर में

मंदसौर के गांधी सागर जलाशय में मछली पकड़ने पर लगाई रोक

मंदसौर। क्षेत्रीय प्रबंधक, म.प्र. मत्स्य वैज्ञानिक (सह.) मर्या, गांधीसागर जलाशय ने बताया कि गांधीसागर जलाशय में मत्स्याखेट एवं मत्स्य प्रबंधन का कार्य शासन द्वारा निर्धारित नियमों, अनुबंध शर्तों तथा वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा जलाशय क्षेत्र की नियमित निगरानी की जाती है। अवैध मत्स्याखेट संबंधी किसी भी शिकायत की प्राप्ति होने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि मत्स्य विभाग निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विधिसम्मत कार्यप्रणाली के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर थाना भानपुरा में हुआ योगाभ्यास

भानपुरा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर थाना भानपुरा परिसर में शनिवार को उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस अधीक्षक मंदसौर एवं एसडीओपी गरोठ के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी के नेतृत्व में थाना भानपुरा के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक दुर्गाशंकर मीणा ने उपस्थित पुलिस बल को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराते हुए योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। योग प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त एवं तनावमुक्त बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से निरोगी काया, स्वस्थ मन एवं सकारात्मक जीवन की प्राप्ति होती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। सामूहिक योग एवं स्वस्थ जीवन के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।यह संस्करण स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित होने योग्य संक्षिप्त, संतुलित और पेशेवर समाचार शैली में तैयार किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंदसौर में उमड़ा जनसमूह

- 5000 लोगों ने किया सामूहिक योग एवं ध्यान, पंच नमस्कार मुद्रा से मिला सकारात्मक ऊर्जा का संदेश

मंदसौर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को नूतन स्टेडियम, मंदसौर में अर्हं ध्यान योग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए लगभग 5000 लोगों ने सहभागिता करते हुए योग, प्राणायाम एवं ध्यान साधना का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम में अर्हं श्री ने उपस्थित जनसमूह को योग एवं ध्यान की विशेष साधनाओं का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने पंच नमस्कार मुद्रा का महत्व बताते हुए हजारों लोगों को सामूहिक रूप से इसका अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि यह मुद्रा प्रत्येक आयु वर्ग एवं जीवन के हर क्षेत्र के लिए लाभकारी है तथा मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मिक संतुलन प्रदान करती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने योग को भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति का भी सशक्त साधन है। उन्होंने पंच नमस्कार मुद्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नियमित अभ्यास से मन में स्थिरता, सकारात्मकता और आंतरिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने नागरिकों से योग और ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का सबसे भावपूर्ण क्षण तब आया जब अर्हं श्री ने हजारों लोगों को सामूहिक ध्यान साधना कराई। पूरे स्टेडियम में कुछ समय के लिए अद्भुत शांति, एकाग्रता एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण निर्मित हो गया। ध्यान सत्र के पश्चात कई प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे अविस्मरणीय व प्रेरणादायक बताया।

आचार्य समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं अर्हं योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज की प्रेरणा से संचालित इस आयोजन में योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं जीवन मूल्यों पर आधारित प्रेरक संदेशों का भी समावेश रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अर्हम गीत पर आकर्षक मंगलाचरण नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। जिला प्रशासन, आयुष विभाग, अर्हं ध्यान योग एवं सकल जैन समाज के संयुक्त प्रयासों से आयोजित यह आयोजन जिले के सबसे बड़े जन-सहभागिता आधारित योग कार्यक्रमों में शामिल रहा। संचालन डॉ. चंदा भरत कोठारी ने किया।

शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राठौड़ को डॉक्टरेट की उपाधि

मंदसौर। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर के संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना, जिला अध्यक्ष विक्रम शर्मा, सचिव भरतलाल पपोंडिया, कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर ने बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष छात्रवीर सिंह राठौड़ को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा आयोजित गरिमामयी समारोह में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रदान किया गया। राठौड़ को प्राप्त इस प्रतिष्ठित उपलब्धि से प्रदेशभर के शिक्षकों, शिक्षा प्रेमियों एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। शिक्षक हितों की रक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा संगठन को सशक्त बनाने में उनके दीर्घकालीन योगदान को देखते हुए यह सम्मान पूरे शिक्षक समाज के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि राठौड़ का व्यक्तित्व संघर्ष, समर्पण एवं संगठनात्मक नेतृत्व का प्रतीक है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के लाखों शिक्षकों को प्रेरणा प्रदान करेगी। संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राठौड़ को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कांग्रेस नेता और टीआई के बीच मोबाइल पर तीखी बहस, आंदोलन की चेतावनी

पिपलियामंडी। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा और मल्हारगढ़ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत के दौरान जमकर बहस हो गई। मामला उस समय गरमा गया जब कांग्रेस नेता ने एक स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ पुलिस द्वारा कथित रूप से झूठी कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाया। मोबाइल पर हुई इस बहस का ऑडियो इंटरनेट मीडिया में सामने आया है।

जानकारी अनुसार, अनिल शर्मा ने फोन पर टीआई रघुवंशी से उक्त कार्रवाई को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कांग्रेस नेता का कहना है कि निर्दोष कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर राजनीतिक दबाव में कार्रवाई की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, टीआई अनिल रघुवंशी ने पुलिस कार्रवाई को कानून सम्मत बताते हुए आरोपों को निराधार बताया। बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने तर्कों पर अड़े रहे। अनिल शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे प्रकरण दर्ज करने और अनावश्यक कार्रवाई करने का सिलसिला बंद नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

मंदसौर। उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवसङ्क2026 का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के आदरणीय अधिष्ठाता, समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे ने अपने उद्बोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग (Yoga for Healthy Ageing) हमें यह संदेश देती है कि योग हर आयु के व्यक्ति के लिए लाभदायक है। यदि हम प्रतिदिन कुछ समय योग को दें, तो हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप तुरुकमाने द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर बताया कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो हमें स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग (Yoga for Healthy Ageing) रही, जिसका उद्देश्य योग के माध्यम से प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों में स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक के निर्देशन में सभी प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायी एवं स्वास्थ्यवर्धक सिद्ध हुआ।

आराधना भवन जैन श्रीसंघ के 45 दिवस की नव्वाणु यात्रा पूर्ण होने पर विशाल चल समारोह निकाला

- तपस्वियों का हुआ बहुमान, प्रवचन का भी हुआ आयोजन

मंदसौर। श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर (आराधना भवन जैन श्री संघ) नई आबादी एवं नवरत्न परिवार मंदसौर के तत्वावधान में रविवार को नव्वाणु यात्रा की पूर्णाहुति निमित्त तपस्वियों का बहुमान कार्यक्रम संजय गांधी उद्यान में आयोजित किया गया। 45 दिवस की श्री शत्रुंजय तीर्थ की 99 बार परिक्रमा करने वाले 35 तपस्वियों का श्रीसंघ के तत्वावधान आयोजित कार्यक्रम में शाल, श्रीफल, तिलक, माला से बहुमान किया गया।

इसके पूर्व श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर नई आबादी से श्रीसंघ का भव्य वरघोड़ा (जुलूस) निकाला गया। बैण्ड बाजे के साथ निकले इस चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। तपस्वियों को बग्गी पर बिठाकर उनकी भव्य प्रभावना निकाली गयी जो कि गुरु द्वारा रोड, महू-नीमच रोड,

सरदार पटेल चौराहा, गोल चौराहा, पुरानी कृषि उपज मण्डी के सामने, महू-नीमच रोड होते हुए संजय गांधी उद्यान पहुँची। यहाँ साध्वी अनंतगुणा श्रीजी म.सा. की शिष्या साध्वी सुप्रसन्ना श्रीजी म.सा., आत्मप्रसन्ना श्रीजी म.सा., परमप्रसन्ना श्रीजी म.सा., रितिप्रसन्ना श्रीजी म.सा., सत्वयप्रसन्ना श्रीजी म.सा. की सहजमप्रसन्ना श्रीजी म.सा., हेमप्रज्ञाश्रीजी म.सा. की शिष्या हर्षितपूर्णा श्रीजी म.सा., योगप्रज्ञाजी म.सा. आदि ठाणा 8 के पावन निश्रा में विशाल धर्मसभा (प्रवचन) का आयोजन किया गया। धर्मसभा में तपस्वियों के बहुमान के लिये बोलियां भी लगायी गयी जिनका धर्मलाभ जवाहरलाल अमित कुमार जैन धुंध?कावाला परिवार, महेन्द्र कुमार, महेश कुमार, दिपेश कुमार भाण्डावत (तहलका परिवार), विमल कुमार, अमित कुमार छिंगावत परिवार, सुरेश चौर?या परिवार ने प्राप्त किया। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने सभी तपस्वियों का बहुमान किया। बहुमान व प्रवचन के उपरांत कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार, महेन्द्र कुमार, महेश जैन तहलका परिवार, विमल कुमार, अमित जैन परिवार, गौतमचन्द त्रिलोक कुमार, शीतल कुमार परिवार, प्रकाशचन्द्र, आशीष कुमार पर्व मुण्डेचा परिवार, भूपेन्द्र कुमार, रूपेश कुमार लोकेन्द्र डूंगरवाल परिवार, कमलेश कुमार, सुरेश डूंगरवाल परिवार ने अतिथि-श्रीसंघ का स्वागत किया।

नीमच

एक नजर में

रचना राइज़िंग वीमेन क्लब ने मनाया योग दिवस

नीमच। जिले की प्रतिष्ठित संस्था रचना फाउंडेशन व उसके सक्रिय क्लब रचना राइजिंग वीमेन क्लब ने योग प्रशिक्षिका नताशा शर्मा के सानिध्य में दिनांक 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के उपलक्ष में योग क्रियाऐ सीखते हुए मनाया द्य योग प्रशिक्षण सूर्य नमस्कार से प्रारम्भ करते हुए रचनाओं ने अन्य योग मुद्राओ का भी प्रशिक्षण लिया द्य इस अवसर पर रचनाओं ने जीवन में उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व को समझते हुए व्यायाम और प्रणायाम का समुचित प्रशिक्षण लिया ।वर्तमान में ज़ब बदलती जीवन शैली के चलते नित नए रोग सामने आ रहे है, इस संक्रमण काल में योग संजीवनी के समान है, यह समझते हुए रचनाओं ने आजीवन यथासंभव योग करने का निश्चय किया द्य इस मौके पर रचना क्लब अध्यक्ष स्वीटी खंडेलवाल, सचिव पूजा सिंहल, उपाध्यक्ष अलका चौपड़ा,सहसचिव मनीषा मौर्य,रत्नप्रभा मालीवाल, विनीता भटनागर,डा. प्रियंका भारती आदि कई रचनाएँ उपस्थित थी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर योग कार्यक्रम का आयोजन

नीमच। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 21.06.2026 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल, रक्षित निरीक्षक श्री विक्रम सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी बघाना निरीक्षक आर .एस .डांगी, सुबेदार सुरेश सिसोदिया, प्रभारी रेडियों सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी गई ।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास ने अपने संदेश में कहा कि पुलिस कर्मियों का कार्य चुनौतीपूर्ण एवं तनावपूर्ण होता है, ऐसे में नियमित योग एवं प्राणायाम न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं ।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मैं सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन की ओर अग्रसर हों। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र नीमच में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नीमच। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कैम्पस स्थित मेंस क्लब में ग्रुप केंद्र नीमच के तत्वावधान में दिनांक 21 जून 2026, रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही।

यह थीम उम्र के हर पड़ाव में ऊर्जावान, स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए योग के महत्व को दर्शाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर सिपाही/जीडी अंकलेश कुमार ठाकुर ग्रुप केंद्र नीमच जो कि टी.ओ.टी. स्कूल सीआरपीएफ

धर्मपुर से प्रशिक्षित हैं, ने क्रमबद्ध रूप से ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, मंडूकासन, नौकासन, शशांकासन सहित विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही योग के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई। योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसे आज सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ एवं लचीला बनाए रखने के साथ-साथ मानसिक तनाव को कम करता है तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर एवं आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति की कार्यक्षमता, एकाग्रता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

राजस्व केसों का निराकरण करेगी संयुक्त टीम

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद के निर्देशन में वर्षा ऋतु एवं आगामी खरीफ फसलों को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व संबंधी प्रकरणों, रास्ता विवादों एवं अतिक्रमण के प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु उपखंड जावद में 22 जून से 23 जुलाई 2026 तक विशेष राजस्व महा अभियान आयोजित किया जा रहा है।

अभियान की मुख्य विशेषताएं- राजस्व एवं पुलिस विभाग का संयुक्त दल गठित किया गया है। दल में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, कानूनगो व संबंधित पुलिस थानों के अधिकारी शामिल रहेंगे। संयुक्त दल ,तहसील, नायब तहसील व पुलिस थानों से समन्वय कर पंचायत स्तर पर पहुंचकर कार्य करेगा। इस अभियान के तहत पटवारी व पुलिस थाने से प्राप्त अतिक्रमण संबंधी आवेदनों, जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में राजस्व संबंधी लंबित आवेदनो पीएम किसान,फार्मर रजिस्ट्री एवं ई.के.वाई.सी. संबंधी प्रकरणों कॉ निराकरण किया जाएगा।

रोटरी क्लब मनासा के अध्यक्ष दिनेश वधवा और सचिव शैलेंद्र सोनी मनोनीत

मनासा। रोटरी क्लब मनासा की गरिमामयी बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ रोटेरियन दिनेश वधवा को सत्र 2026-27 के लिए क्लब का अध्यक्ष एवं शैलेंद्र सोनी को सचिव मनोनीत किया गया। वहीं क्लब के वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम सोनी लगातार अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए इस सत्र में भी कोषाध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रोटरी क्लब की गौरवशाली परंपरा के अनुसार वरिष्ठ एवं सक्रिय रोटेरियन सदस्यों को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सचिव दोनों ही लंबे समय से रोटरी के सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाजहित में उल्लेखनीय योगदान देते रहे हैं। पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने क्लब की विभिन्न गतिविधियों में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर पिछले चार वर्षों से अपने नेतृत्व, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले वर्तमान अध्यक्ष निरंजन बसेर एवं सचिव नरेश वधवा ने नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश वधवा, सचिव शैलेंद्र सोनी तथा कोषाध्यक्ष राधेश्याम सोनी को सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में उपस्थित सभी रोटरी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का स्वागत किया।

योग दिवस पर गोमाबाई नेत्रालय में राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम

नीमच। योग माना जोड़, सर्वश्रेष्ठ योग है आत्मा और परमात्मा का मिलन, जिसे ही राजयोग कहते हैं।'' ब्रह्माकुमारी संस्थान की सबझोन संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने गोमाबाई नेत्रालय के आयुष्मान हॉल में आयोजित स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारी, डाक्टर्स और स्टॉफ को तनाव से मुक्ति के लिए राजयोग मेडिटेशन का गहन अभ्यास करवाकर सुखद अनुभूति करवाई । वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बी.के.श्रुति बहन ने प्रोजेक्टर स्लाईड्स व वीडियो आदि दिखाकर तनाव के कारण व निवारण पर विस्तार से जानकारी दी। गोमाबाई स्टॉफ को ज्ञानवर्धक गेम भी खिलाया गया ।